
# ISWK SHARING KNOWLEDGE



कक्षा – 10

# सूचना लेखन

©ISWK

# सूचना-लेखन

- दिनांक और स्थान के साथ भ वष्य में होने वाले कार्यक्रमों आदि के वषय में दी गई ल खत जानकारी 'सूचना' कहलाती है।
- सूचना दो प्रकार की हो सकती है – सुखद और दुखद।
- सुखद सूचना – खेल, प्रतियो गता, समारोह आदि।
- दुखद सूचना – शोक सभा, क्रयाकर्म आदि।

# सूचना लेखन में ध्यान देने योग्य बातें -

- सूचना लेखन अ धकतर कर्मवाच्य वाक्य में लखा जाता है।
- सूचना प्रायः तीन या चार वाक्यों में लखी जानी चाहिए।
- सूचना पूर्ण और आसानी से समझ में आने वाली होनी चाहिए।
- सूचना सरल शब्दों में लखी जानी चाहिए।
- सूचना की भाषा प्रभावपूर्ण और मर्यादित शब्दों में लखी जानी चाहिए।
- सूचना की लखावट पठनीय होनी चाहिए।
- सूचना देने वाले का नाम या स्थान वशेष की जानकारी होनी चाहिए।
- सूचना देने वाले के हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लखा जाना चाहिए

# सूचना का प्रारूप
# (Format of Notice Writing)

- सबसे ऊपर सूचना देने वाली संस्था का नाम.
- फर सूचना लखना आवश्यक है।
- वषय(जिस वषय हेतु सूचना दी जा रही है)।
- दिनांक/तारीख
- सूचना को लखें
- सूचना देने वाले का पद व नाम

**आशीर्वाद सोसाइटी**

**पश्चिम विहार, दिल्ली**

**सूचना**

17 मार्च, 20XX

**होली-मिलन समारोह**

सोसाइटी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी इस सोसाइटी ने होली-मिलन समारोह आयोजित करवाने का निर्णय लिया है, जो इस प्रकार है—

| | |
|---|---|
| दिन एवं समय | — 24 मार्च, 20XX अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक |
| कार्यक्रम | — गीत-संगीत एवं लोकनृत्य एवं जलपान |
| स्थान | — सोसाइटी का सामुदायिक भवन |
| प्रवेश | — केवल पास द्वारा |

कृपया 23 मार्च, 20XX तक अधोहस्ताक्षरी से 'पास' अवश्य प्राप्त कर लें।

विनय कुमार

सदस्य

आर०डब्ल्यू०ए०

पुलिस-अधिक्षक, भोपाल की ओर से गुमशुदा लड़की की तलाश के लिए अखबार में विज्ञापन देने के लिए सूचना लिखिए।

पलिस-अधीक्षक कार्यालिय, भोपाल
सूचना

दिनांक- 15 दिसंबर, 2018

गुमशुदा लड़की की तलाश हेतु सूचना।

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम क०ख०ग० है, वह भोपाल रेलवे स्टेशन से दिनांक 13 दिसंबर, 2018 से लापता है। उसका चेहरा गोल, रंग गोरा, शरीर पतला तथा बाल घुँघराले हैं। लड़की की उम्र बारह साल है तथा वह सफेद रंग का जींस-टीशर्ट और काली चप्पल पहने हुए है। यदि किसी को मिले अथवा किसी के पास इससे संबंधित कोई जानकारी हो तो निम्नलिखित को सूचित करें अथवा 100 नंबर पर फोन करें। जानकारी गुप्त रखी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक, भोपाल
क०ख०ग०

1- केद्रिय विदयालय में एक दिन के लिए 'रक्तदान शिविर' का अयोजन किया जा रहा है। स्कूल नोटिस बोर्ड के लिए सूचना बनाइए।

उदाहरण-

केन्द्रिय विदयालय, सूरत

सूचना

दिनांक-

'रक्तदान शिविर' के लिए सूचना।

विदयालय के सभी विदयार्थियों को यह सूचित किया जाता है कि रक्तदान महादान केन्द्रिय विदयालय में रेडक्रास के तत्वाधान में एक रक्तदान कैंप 24 अगस्त, 2016 को आयोजित किया जा रहा है। सभी से अनुरोध है कि रक्तदान करके दूसरों के प्राण बचाने के पुण्य कार्य में अपना सहयोग दें।

छात्र संगठन

राजेश

**गौतमबुद्ध सीनियर सेकेंड्री स्कूल**
**गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०**
**सूचना**

24 सितंबर 20XX

**स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान**

सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि गांधी जयंती के शुभ अवसर पर उनके सपनों को साकार करने के लिए विद्यालय के सामने वाली बस्ती में सफ़ाई अभियान चलाने एवं वहाँ के लोगों को सफ़ाई के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से अपराह्न 12 बजे तक चलेगा। इच्छुक छात्र-छात्राएँ अपना नामांकन अधोहस्ताक्षरी के पास 28 सितंबर, 20XX तक अवश्य करा दें।

सत्कार सैनी
हेड ब्वाय

---

**खादी वस्त्र भंडार**
**कस्तूरबा गांधी मार्ग नई दिल्ली**
**सूचना**

15 सितंबर, 20XX

**खादी वस्त्रों पर छूट की घोषणा**

आप सभी को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि सरकार द्वारा खादी वस्त्रों को जन-जन तक पहुँचाने और उन्हें लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से सभी खादी वस्त्रों पर 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत की आकर्षक छूट देने का निश्चय किया गया है। यह छूट 15 नवंबर, 20XX तक प्रभावी रहेगी। लोग गांधी जी के प्रति आस्था प्रकट करने एवं राष्ट्र की प्रगति में सहयोग देने के लिए अधिकाधिक संख्या में खादी वस्त्रों का प्रयोग करें तथा छूट का लाभ उठाएँ।

प्रबंधक
खादी वस्त्र भंडार

**नीलकमल सीनियर सेकेंड्री स्कूल**
**कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली**
**सूचना**

22 फरवरी, 20XX

**विद्यालय के समय में परिवर्तन**

सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में 24 फरवरी, 20XX से वार्षिक परीक्षाएँ शुरू हो रही हैं, जो प्रातः दस बजे से 1 बजे अपराह्न तक चलेंगी। सभी छात्र-छात्राएँ अपनी परीक्षा के डेट शीट के अनुसार प्रातः 9.30 बजे विद्यालय आएँगे। इससे पहले प्रवेश निषेध है।

समीर टंडन

हेड ब्वाय

---

**केंद्रीय विद्यालय, जलवायु विहार, दिल्ली**
**सूचना**

08 अगस्त, 20XX

**कवि सम्मेलन का आयोजन**

आपको यह जानकर अतीव हर्ष होगा कि लोगों में देशभक्ति भावना भरने करने के लिए विद्यालय परिसर में देशभक्ति पूर्ण कविता-पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के प्रसिद्ध कवियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम इस प्रकार है—

दिनांक — 14 अगस्त

समय — सायं 7 बजे

स्थान — विद्यालय परिसर

कार्यक्रम में प्रवेश पास द्वारा ही दिया जाएगा। पास के लिए अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

प्रत्यूष

(सचिव)

सांस्कृतिक इकाई

धन्यवाद